Part - 5
Sub – Hindi
Class – IX

Revision Test Paper (2020-21)
Test – 1
Class – IX
Sub – Hindi

पूर्णांक : 30

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (5)

कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव सभ्य और शिक्षित हो गया है, उस पर किसी भी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे उसे करने देना चाहिए, लेकिन यदि व्यक्ति को यह अधिकार दे दिया जाए तो चारों तरफ वन्य जीवन शैली अव्यवस्था आ जाएगी। मानव, मानव ही है, देवता नहीं। उसमें सुप्रवृत्तियाँ और कुप्रवृत्तियाँ दोनों ही होती हैं। मानव सभ्य तभी तक रहता है, जब तक वह अपनी सुप्रवृत्तियों की आज्ञा के अनुसार कार्य करे। इसलिए मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ बंधनों और नियमों का होना आवश्यक है। अनुशासनबद्धता मानव–जीवन के मार्ग में बाधक नहीं, अपितु उसको पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है। अनुशासन के बिना तो मानव–जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

अतः हर मनुष्य का कर्तव्य है कि अनुशासन का उल्लंघन न करे। यह विचित्र होते हुए भी कितना सत्य है कि अनुशासन एक प्रकार का बंधन है, परंतु मनुष्य को स्वच्छंद रूप से अपने अधिकारों का पूरा सदुपयोग करने का अवसर भी प्रदान करता है। वह एक ओर बंधन है तो दूसरी ओर मुक्ति भी।

प्रश्न–

1. *''मानव, मानव ही है, देवता नहीं''–आशय स्पष्ट कीजिए।* *(1)*
2. *नियमों का बंधन हटाने के क्या दुष्परिणाम होंगे?* *(1)*
3. *''सभ्य मानव के लिए अनुशासन अनिवार्य हैं''–इस कथन के संदर्भ में तर्क प्रस्तुत कीजिए।* *(1)*
4. *'सुवृत्तियाँ और 'कुप्रवृत्तियाँ' में उपसर्ग बताइए।* *(1)*
5. *उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।* *(1)*

प्रश्न–2 शब्द और पद में अंतर बताइए। (1)

प्रश्न–3 पद किसे कहते है? (1)

प्रश्न–4 शब्द का उदाहरण लिखिए। (1)

प्रश्न–5 निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटकर लिखिए– (1)

(i) संतुलन (ii) मंहगाई
(iii) पत्रिकाएँ (iv) संकलित

प्रश्न–6 निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर लगे अनुनासिक चिह्नों के प्रयोग वाले शब्द छाँटिए (1)

(i) वस्तुएँ (ii) आँख
(iii) गगाँ (iv) दिनाकँ

प्रश्न–7 **निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए।** **(1)**

(i) व्यजन (ii) अत्यत

प्रश्न–8 **निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्नों का प्रयोग कीजिए।** **(1)**

(i) लहगा (ii) पाचवा

प्रश्न–9 **निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग व मूलशब्द को अलग–अलग कीजिए।** **(2)**

(i) उपदेश (ii) उनसठ (iii) प्रतिध्वनि (iv) अनमोल

प्रश्न–10 **निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय व मूलशब्द को अलग–अलग कीजिए।** **(2)**

(i) सुनवाई (ii) सेठानी (iii) टिकाऊ (iv) मानवता

प्रश्न–11 **निम्नलिखित शब्दों के उचित विलोम शब्द लिखिए।** **(2)**

अनाथ पुराना

प्रश्न–12 **निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** **(2)**

मानव पानी

प्रश्न–13 **अपने मित्र को पत्र लिखकर 'इंटरनेट के प्रयोग' से होने वाले लाभ और हानियों पर प्रकाश डालिए। साथ में उसे यह भी बताइए कि इसका सदुपयोग किस प्रकार किया जा सकता है?** **(5)**

प्रश्न–14 **पास–पड़ोस की दुकानों से पूछने पर लेखक को क्या पता चला? 'दुःख का अधिकार' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए–** **(5)**

BEST OF LUCK